आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 06.10.2025   समय : 18.30 पीएम

- चुनाव आयोग ने बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर 11 नवम्बर को उपचुनाव कराने की घोषणा की–बिहार विधानसभा के चुनाव दो चरणों में होंगें
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा वॉर्ड में आग लगने से हुए हादसे के बाद राहत और उपचार कार्यों का निरीक्षण किया– जांच के लिए छह सदस्यीय कमेटी गठितं
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने खांसी की दवा के वितरण और उपयोग पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिएं
- प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर तेज बारिश–मौसम विभाग ने आठ अक्टूबर से बारिश का दौर थमने की संभावना जताईं

000

चुनाव आयोग ने बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया हैं ये चुनाव 11 नवम्बर को करवाये जायेंगें इसकी अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जायेगीं उपचुनाव के लिये उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगें मतगणना 14 नवम्बर को होगीं गौरतलब है कि अंता विधानसभा सीट विधायक कंवर लाल मीना की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई थीं

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा की 243 सीटों के चुनव 2 चरणों में कराने की घोषणा की हैं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मतदान 6 और 11 नवंबर को कराया जाएगां

.....................

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज एस.एम.एस. अस्पताल पहुंचकर ट्रोमा वॉर्ड में आग लगने से हुए हादसे के बाद चल रहे राहत और उपचार कार्यों का निरीक्षण कियां उन्होंने डॉक्टरों से मुलाकात की और घायलों से वार्ड में जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछीं उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के इलाज की व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिएं दिया कुमारी ने हादसे को बेहद पीड़ादायक बताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी सहानुभूति रखती हैं पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कियां उन्होंने कहा कि पुलिस भी विभिन्न एजेन्सियों के सहयोग से इस घटना की जांच कर रही हैं

...................

इस बीच उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने उप लोगों के लिए शक्ति की प्रार्थना की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि सरकार हर पीड़ित तक राहत पहुँचाने के लिए तत्पर हैं इस दुखद घटना को राजनीतिक लाभ–हानि के चश्मे से न देखा जाए, बल्कि मिलकर यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत और सुरक्षित बनें गौरतलब है कि ट्रॉमा सेंटर के आई.सी.यू. में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग के कारण छह रोगियों की मौत हो गई सभी मृतकों की पहचान की जा चुकी हैं सरकार ने घटना की जाँच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अगुवाई में छह सदस्यीय कमेटी गठित की है, जो आग लगने के कारणों और सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट सौंपेगीं

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने खांसी सिरप डेक्सट्रोमेथॉर्फन की गुणवत्ता को लेकर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कीं उन्होंने राज्य में खांसी की दवा के वितरण और उपयोग पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिएं श्री पंत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई दवा अमानक पाई जाती है, तो निर्माताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय होगीं

चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सरकार ने 4 साल से छोटे बच्चों और विशेषकर 2 साल से छोटे बच्चों को यह दवा न देने की केंद्र की एडवाइजरी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने गिव अप अभियान को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया हैं यह अभियान खाद्य सुरक्षा सूची में सम्मिलित अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से नाम हटवाने का अंतिम अवसर देता हैं विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद सूची में रहने वाले अपात्र व्यक्तियों से प्राप्त खाद्यान्न की वसूली ब्याज सहित की जाएगी और उन पर दंडात्मक कार्यवाही होगीं

000

जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के 'हर घर जल' पहुँचाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रदेश में पूरी लगन से काम किया जा रहा हैं श्री चौधरी आज भीलवाड़ा ज़िले के दौरे पर थें उन्होंने मांडल विधानसभा क्षेत्र के पालड़ी गाँव में चौदह उच्च जलाशयों का लोकार्पण और शिलान्यास कियां उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के हर घर को नल से जल मिलेगां उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 'हर घर नल योजना' में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीं

000

प्रदेश में आज राजधानी जयपुर समेत कई इलाकों में बारिश का दौर जारी हैं मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने के कारण कई संभागों में आज मेघगर्जन के साथ तेज़ बारिश हुई मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है और किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल और अनाज को भीगने से बचाने के लिए तत्काल उपाय करें वहीं बीते चौबीस घंटों में चित्तौड़गढ़, कोटा और हनुमानगढ़ जिलों में अच्छी बारिश हुई हमारे चित्तौडगढ संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र में पिछले 2–3 दिन से हो रही बरसात से एक बार फिर से मॉनसून जारी रहने का अहसास हो रहा हैं

................................

वहीं, बाड़मेर और श्रीगंगानगर ज़िलों में लगातार बारिश से खरीफ़ की पकी फसलों को नुकसान पहुँचा हैं भरतपुर में दोपहर में तेज बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गयां झुन्झुनू के उदयपुरवाटी में मूसलाधार बारिश होने से कोट बांध पर चादर चल गई मौसम का ये मिज़ाज आठ अक्टूबर से बदलने की उम्मीद है, इसके बाद तापमान में तीन से पाँच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती हैं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में वर्ष 2022–23 के लिए माय भारत – राष्ट्रीय सेवा योजना – एनएसएस पुरस्कार प्रदान कियें राष्ट्रपति ने एनएसएस इकाइयों और उनके कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेवकों को चालीस पुरस्कार प्रदान किएं केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी इस अवसर पर उपस्थित थें एनएसएस एक केन्द्रीय योजना हैं स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के जरिये युवा विद्यार्थियों के चरित्र और व्यक्तित्व का विकास करने के मुख्य उद्देश्य के साथ वर्ष 1969 में इसका शुभारंभ किया गया थां

000

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगीं वे आज नई दिल्ली में 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थें श्री गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा क्षेत्र को मज़बूत करना महत्वपूर्ण हैं

...............

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य मेंएकता मार्च का शुभारंभ कियां डॉ. मांडविया ने कहा कि यह एकता मार्च केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने और विकसित

तथा आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन हैं उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को प्रेरित करना हैं डॉ. मांडविया ने बताया कि यह एकता मार्च आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का संदेश देगां अभियान का पहला चरण इस वर्ष 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रत्येक जिले में आयोजित किया जाएगां

000

प्रदेश भर में आज शरद पूर्णिमा का पर्व धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा हैं श्रद्धालुओं ने मंन्दिर में पहुंचकर दर्शन किये और विशेष पूजा अर्चना कीं ब्रज क्षेत्र भरतपुर में किला स्थित बिहारी जी मंदिर में इस मौके पर करीब दो सौ किलो खीर प्रसाद के लिये तैयार की गई हैं

.................

पाली, सवाईमाधोपुर और भीलवाड़ा सहित अन्य ज़िलों के मंदिरों में विशेष भजन संध्या और पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

000

नगरीय विकास और स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज बांसवाड़ा में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कियां इस दौरान श्री खर्रा ने आमजन से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान कियां

000